CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 150 ▫ रायपुर, मंगलवार 23 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### मोदी सरकार के मंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दिया



**नई दिल्ली, 23 जून (न्यूज चैनल)।** मोदी सरकार के मंत्री जॉर्ज कुरियन ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया है। अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुरियन का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। जॉर्ज कुरियन अल्पसंख्यक मामलों के साथ-साथ मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री का पद भी संभाल रहे थे। दरअसल केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन का राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया है। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में बीजेपी ने जॉर्ज कुरियन को फिर से मौका नहीं दिया था। इसकी वजह से उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद से जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

### राम मंदिर में चढ़ावा चोरीः कमीशन का आरोप लगाने वाले इंजीनियर से पूछताछ

**नई दिल्ली, 23 जून (न्यूज चैनल)।** राम मंदिर के चढ़ावे में हेरफेर कर चोरी करने के मामले में आने वाले समय में और भी परतें खुल सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में पिछले पांच साल के चढ़ावे का ऑडिट करने की सिफारिश की है। अनियमितता रोकने के भी कई सुझाव दिए हैं। इस पर मुख्यमंत्री निर्णय लेंगे। उधर, धर्मसेना के अध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर ट्रस्ट को तत्काल भंग करने की मांग की है। एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक जांच में कई अहम तथ्य शामिल किए हैं। सूत्रों के मुताबिक ट्रस्ट में बदलाव करने और चढ़ावा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के अलावा ऑडिट की सिफारिश की है। जांच में कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिससे आशंका है कि हेरफेर का खेल कई वर्षों से चल रहा था। हालांकि, इस बारे में स्पष्टता रिपोर्ट सीएम तक पहुंच जाएगी और उसको लेकर आधिकारिक बयान जारी होगा या कार्रवाई शुरू होगी।

### लखनऊ अग्निकांडः जांच के लिए पहुंची एसआईटी की टीम, फोरेंसिक के सदस्यों ने सील की इमारत

**नई दिल्ली, 23 जून (न्यूज चैनल)।** लखनऊ अग्निकांड की जांच शुरू हो चुकी है। घटना के बाद मंगलवार को एसआईटी के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी है। फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए पूरी इमारत को सील कर दिया है। टीम अंदर से सबूत जुटा रही है। अभी भी यह पूरी तरह से आधिकारिक तौर पर साफ नहीं हो पाया है कि यह हादसा कैसे हुआ। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह एसी के फटने से हुई है। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगंज अग्निकांड को लेकर देर रात उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें दोषियों को चिह्नित करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। वहीं, अलीगंज थाने में छह लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अमोनिया रिसाव से अब तक 9 महिला मजदूरों की हुई मौत

**नई दिल्ली, 23 जून (न्यूज चैनल)।** विभाग के अनुसार, मरने वाली महिलाओं में से सात ओडिशा की और दो असम की थीं। मरने वालों में से आठ की पहचान शिबानी, जुमानी जुआंग, गीता जुआंगा, पूर्णिमा जुआंगा, चंपावती जुआंगा, पार्वती जुआंगा, सीता हांसदा और अंजीता सोरेन के तौर पर हुई, जबकि एक व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई थी। सरकार ने बताया कि तमिलनाडु के तिरुवल्लुर ज़िले में एक प्राइवेट सीफ़ूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट फ़ैसिलिटी में अमोनिया गैस लीक होने से मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर नौ हो गई। ज़हरीली गैस का यह रिसाव 21 जून को रूटीन इंडस्ट्रियल कामकाज के दौरान हुआ था और मरने वाले सभी लोग महिलाएं थीं।




चूहा- सुनती हो, उद्धव ठाकरे की शिवसेना में अब मात्र 3 सांसद बचे हैं..!

चुहिया- हां जी, मुख्यमंत्री बनने का सपना बहुत मंहगा पड़ गया।

# बांध में पलटी 9 लोगों से भरी नाव, 3 ग्रामीण लापता

## रेस्क्यू अभियान जारी





**सूरजपुर, 23 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां 9 ग्रामीणों से भरी नाव बतरा बांध में पलट गई। 6 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचा ली मगर 3 ग्रामीण लापता हो गए हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और जिला आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरु कर दिया है।

दरअसल, यह पूरा मामला करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा इलाके का है। बताया जा रहा है कि प्रतिबंध के बाद भी सोमवार की रात अंधेरे में 9 लोग मछली पकड़ने के लिए बांध में गए थे। इस दौरान उनकी नाव पलट गई। घटना के बाद 6 लोगों ने किसी तरह से तैरकर अपनी जान तो बचा ली, मगर 3 लोग लापता हो गए। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस जिला आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान में जुट गई है।

## अनियंत्रित होकर पलटी मजदूरों से भरी पिकअप, 19 घायल, एक की हालत गंभीर



**सूरजपुर, 23 जून (हाईवे चैनल)।** हादसों के बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं. प्रशासनिक कार्रवाईयां भी बेसर हैं. सूरजपुर जिले में मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई है. हादसे में कई नाबालिग सहित 19 मजदूर घायल हैं, इनमें महिलाएं भी शामिल हैं. एक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है, जिसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के नेवरा इलाके की है. करीब 30 मजदूरों को लेकर पिकअप आ रही थी. चालक के नियंत्रण खोने से वाहन पलट गया. मजदूरों के बीच कई नाबालिग भी मौजूद थे. सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई है। सूचना के बाद घायलों को सूरजपुर के जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है. डॉक्टरों की निगरानी का इलाज जारी है. वहीं एक मजदूर की हालत गंभीर है, जिसे बेहतर उपचार के लिए भेजा गया है. पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है. मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## साय कैबिनेट की अहम बैठक शुरू, मानसून सत्र, खरीफ सीजन और ट्रांसफर पॉलिसी पर हो सकती है चर्चा



**रायपुर-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित महानदी भवन मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में राज्य से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। इस कैबिनेट बैठक में आगामी मानसून सत्र, खरीफ सीजन की तैयारियों और राज्य की नई ट्रांसफर पॉलिसी समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर भी मंत्रिपरिषद की मुहर लगने की संभावना है।

## रेत में दबी युवती की लाश, शिनाख्ती और मौत के कारणों की जांच में जुटी पुलिस



**महासमुंद, 23 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। खल्लारी थाना क्षेत्र के रामखेड़ा झारा नाला के पास रेत में दबी एक युवती की लाश मिली, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। शव का आधा हिस्सा रेत के बाहर और आधा रेत में दबा मिला है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंचकर युवती की शिनाख्त और मौत के कारणों की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने रामखेड़ा झारा नाला के पास रेत में एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही खल्लारी थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि युवती के शव का आधा हिस्सा रेत के बाहर था, जबकि आधा हिस्सा रेत में दबा हुआ था। वहीं घटना की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल से पुलिस को एक युवती की चप्पल और बालों का गुच्छा भी बरामद हुआ है। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो दिन पुराना बताया जा रहा है। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका जता रही है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मृत युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी के मामलों की जानकारी जुटाने के साथ ही युवती की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा गंभीर



**बालोद, 23 जून (हाईवे चैनल)।** जिले में सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम मालीघोरी के पास जुझारा नाला पुल पर हुआ, जहां तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में ग्राम रेंगनी निवासी भोजराज चौरके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक चला रहे बालोद के शिकारी पारा निवासी लाकेश दास गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर करने की तैयारी की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह दोनों बाइकों की तेज रफ्तार बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## शासन-प्रशासन ने नहीं सुनी गुहार, तो ग्रामीण ने खुद के पैसे से बना लिया पुल, चारों तरफ हो रही तारीफ



**गरियाबंद, 23 जून (हाईवे चैनल)।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के स्टाप डेम मोहल्लावासी पिछले 20-25 सालों से बारिश के चार माह बेहद ही दयनीय स्थिति में गुजारने को मजबूर होते हैं। मैनपुर नगर से गजरने वाली फुलझर नदी के उस पार ग्राम पंचायत मैनपुरकला के वार्ड क्रमांक 01 में लगभग 30-35 परिवार निवास करते हैं और इस मोहल्ले के लोग बारिश के दिनों में जर्जर हो चुके 20 फीट गहरे जानलेवा स्टापडेम को छलांग लगाकर पार करने को मजबूर होते हैं।

इतना ही नहीं मैनपुर के स्कूलों में पढ़ने वाले इस मोहल्ले के छोटे-छोटे स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर आना जाना करते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी किसी के तबीयत खराब होने पर या फिर गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक लाने में उठानी पड़ती है। ग्रामीण मैनपुर नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगाकर थक चुके और तो और इस मामले को लेकर कई बार जनपद से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन ग्रामीणों के इस मांग की तरफ अब तक ध्यान नहीं दिया गया। स्टापडेम मोहल्ले के मुर्गा व्यवसायी लोचन चक्रधारी ने अपने खुद के खर्च से लगभग 10 से 12 लाख रूपये खर्च कर अपने घर के सामने नदी मे पुल का निर्माण कर दिया और पुल निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है। आने वाले बारिश में इसका लाभ इस मोहल्ले के लोगों को मिलेगा। इस ऐतिहासिक कार्य का क्षेत्र के लोगों द्वारा जमकर प्रशंसा की जा रही है।

## गड़े धन के लालच में जहरीली शराब पिला कर 8 लोगों की ले ली जान, मुख्य संदिग्ध हिरासत में

रायपुर, 23 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के खर्वे गांव में पिछले तीन महीनों के भीतर हुई आठ लोगों की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य संदिग्ध रामसहाय जायसवाल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। कसडोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या और जहर देने की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 9 प्राथमिकियां दर्ज की हैं। ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों का आरोप है कि रामसहाय जायसवाल लोगों से छोटी-छोटी बातों या मजाक को लेकर दुश्मनी पाल लेता था। पीड़ित परिवारों के अनुसार, जिन लोगों की भी मौत हुई है, उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रामसहाय द्वारा ही शराब उपलब्ध कराई गई थी। शराब पीने के कुछ समय बाद ही पीड़ितों की तबीयत बिगड़ती थी और अस्पताल ले जाने से पहले या इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो जाती थी।

इस घटनाक्रम ने इलाके में भारी सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों में यह चर्चा और भय का विषय बना हुआ है कि आरोपी कथित तौर पर 'गड़े धन' को प्राप्त करने के लिए अंधविश्वास के चलते '21 लोगों की बलि' देने की योजना पर काम कर रहा था। हालांकि, पुलिस ने इस अंधविश्वास और तांत्रिक कोण पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। हाल ही में ग्रामीणों की मांग और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद 7 शवों को कब्र से निकालकर उनका पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक परीक्षण कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

लगातार हो रही इन मौतों के बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। पुलिस की आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ही इस पूरे घटनाक्रम के वास्तविक कारणों और वैज्ञानिक साक्ष्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### सिलसिलेवार मौतों का ब्योरा

**6 फरवरी:** बद्री पटेल की मौत

**20 फरवरी:** बुढालू साहू की मौत

**12 मार्च:** बुधराम जायसवाल की मौत

**20 मार्च:** छत्तूराम साहू की मौत

**31 मार्च:** विनोद साहू की मौत

**28 अप्रैल:** गजानंद मांझी की मौत

**29 अप्रैल:** चैतूराम साहू की मौत

**14 मईः** महेतरू साहू की अंतिम संदिग्ध मौत

## महासमुंद के बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में हीरों की प्राप्ति से छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगा नया आयाम

### वैज्ञानिक अन्वेषण की सफलता से खनिज क्षेत्र में खुलेंगे नए अवसर, राज्य को मिलेगा राजस्व एवं आर्थिक विकास का नया स्रोत

- **प्रदेश में हीरा उद्योग, निवेश और रोजगार की संभावनाएं हुई मजबूत**
- **खनिज संपदा की नई उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के विकास को मिलेगा नया आयाम : सीएम**

रायपुर, 23 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। महासमुंद जिले के सरायपाली क्षेत्र स्थित बलौदा-बेलमुंडी डायमंड ब्लॉक में वैज्ञानिक अन्वेषण के दौरान हीरों की प्राप्ति ने प्रदेश को खनिज संपदा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड द्वारा 200 टन बल्क सैंपल के परीक्षण एवं प्रसंस्करण के बाद कुल 5 हीरे प्राप्त हुए हैं, जिनका कुल वजन 1.22 कैरेट है। यह उपलब्धि क्षेत्र में हीरा खनिजीकरण की संभावनाओं की पुष्टि करती है तथा भविष्य में बड़े पैमाने पर निवेश, राजस्व सृजन और रोजगार के नए अवसरों का आधार बन सकती है।

एनएमडीसी-सीएमडीसी लिमिटेड द्वारा राज्य शासन को उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, बलौदा-बेलमुंडी क्षेत्र में किए गए वैज्ञानिक सर्वेक्षण, स्ट्रीम सेडिमेंट सैंपलिंग, भू-भौतिकीय अध्ययन तथा अन्वेषण ड्रिलिंग के आधार पर चिन्हित क्षेत्र से लगभग 200 टन खनिज सामग्री का बल्क सैंपल एकत्रित कर परीक्षण किया गया। प्रसंस्करण के पश्चात प्राप्त पांच हीरों में दो जेम क्वालिटी तथा तीन अन्य श्रेणी के हीरे शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत उत्साहजनक



बताते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक क्षमता और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक दोहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक अन्वेषण, पारदर्शी प्रबंधन और मूल्य संवर्धन आधारित औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पहले से ही देश के प्रमुख खनिज उत्पादक राज्यों में शामिल है और लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट तथा चूना पत्थर के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। अब हीरा संभावनाओं की पुष्टि से प्रदेश की खनिज विविधता और अधिक समृद्ध होगी तथा खनिज अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीति केवल खनिजों के उत्खनन तक सीमित नहीं है, बल्कि खनिज आधारित उद्योगों, मूल्य संवर्धन इकाइयों और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। प्रदेश में खनिज संसाधनों के माध्यम से निवेश, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए राज्य सरकार खनिज, कृषि, उद्योग, अधोसंरचना और मानव संसाधन विकास के सभी क्षेत्रों में समान रूप से कार्य कर रही है। बलौदा-बेलमुंडी क्षेत्र से प्राप्त यह सफलता प्रदेश की खनिज क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी तथा निवेश, रोजगार और समावेशी विकास के नए द्वार खोलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वैज्ञानिक अन्वेषण और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रदेश के अन्य संभावित क्षेत्रों में भी खनिज संपदा की खोज को गति मिलेगी, जिससे छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में देश की खनिज आधारित अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रारंभिक चरण में प्राप्त यह सफलता भविष्य के विस्तृत अन्वेषण कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण संकेत है। इससे क्षेत्र की भूगर्भीय संरचना, संसाधन क्षमता और संभावित भंडारों के संबंध में व्यापक अध्ययन का मार्ग प्रशस्त होगा। आगामी सर्वेक्षणों एवं परीक्षणों से क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का अधिक सटीक आकलन किया जा सकेगा।

CMYK